सोशल आडिट निदेशालय

ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0

7वाँ तल, पी.सी.एफ. भवन, 32, स्टेशन रोड, लखनऊ–226001

Phone No.: 0522-2630878, Fax: 0522-4003787, E-mail: socialauditup@yahoo.in

पत्रांकः 769/सो.आ.नि.–349/16
दिनाँकः 12 फरवरी, 2016

प्रेषक,

निदेशक,
सोशल आडिट,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त जिला विकास अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

विषयः जिला विकास अधिकारियों की बैठक दिनांक 09 मार्च, 2016 के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया चतुर्थ राज्य स्तरीय कार्यशाला दिनांक 08–3–2016 में प्रतिभाग करने विषयक इस निदेशालय के पत्र संख्या 757/सो.आ.नि.–150/2016 दिनांक 11–2–2016 का संदर्भ ग्रहण करें, जो मण्डलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को सम्बोधित तथा आपको पृष्ठांकित है। दिनांक 08–3–2016 को उक्त कार्यशाला के उपरान्त वित्तीय वर्ष 2016–17 में सोशल आडिट की प्रक्रिया को अप्रैल, 2016 से गतिमान बनाने के उद्देश्य से कार्ययोजना बनाने के लिए **"दिनांक 09–3–2016 को प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक यू0पी0आर0आर0डी0ए0, लखनऊ के सभागार"** में जिला विकास अधिकारियों के साथ एक विभागीय बैठक का आयोजन किया जा रहा है। बैठक के विचारणीय बिन्दु निम्नवत् होंगे :–

1– चालू वित्तीय वर्ष में सम्पन्न वर्ष 2014–15 के कार्यों से सम्बन्धित सोशल आडिट प्रतिवेदनों को भारत सरकार की बेवसाइट पर अपलोड किए जाने की स्थिति।
2– वर्ष 2016–17 हेतु सोशल आडिट के लिए टीमों के चयन की स्थिति।
3– वर्ष 2016–17 में सोशल आडिट हेतु टीमों का प्रशिक्षण।
4– वर्ष 2015–16 में सम्पन्न सोशल आडिट के लिए टीमों को मानदेय के भुगतान की स्थिति।
5– जिला/ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटरों के आचरण एवं कार्य (Performance) के सम्बन्ध में रिपोर्ट।
6– सोशल आडिट ब्लाक सभा के आयोजन में हुए अनुभव पर चर्चा।
7– सोशल आडिट प्रतिवेदनों का सारांश निदेशालय को प्राप्त कराए जाने की स्थिति।

अतः कृपया दिनांक 08–3–2016 को कार्यशाला में प्रतिभाग करने के साथ ही दिनांक 09–3–2016 को उक्त बैठक में भी वांछित सूचना के साथ सम्मिलित होने का कष्ट करें।

भवदीय,

(राजवर्धन)
निदेशक।

प्रतिलिपि :–
समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(राजवर्धन)
निदेशक।

Rks/desktop/gen.letters